उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:108/2019/2136/छप्पन-2019-54/2010
लखनऊ, दिनांक: 15 नवम्बर, 2019

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1535/छप्पन-2010-26/2008 टी0सी0, दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा को मुख्य प्रवक्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपए 41,000/- (रूपए इकतालीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2010 के अपराह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया गया था, जिसकी अवधि दिनांक 07 दिसम्बर, 2011 को समाप्त हो गयी थी। तदुपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ायी गई है। अंतिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या-128/2018/2353/ छप्पन-2017-54/2010, दिनांक 07 दिसम्बर, 2018 द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2018 से आगामी 01 वर्ष के लिए बढ़ायी गयी थी, जो दिनांक 07 दिसम्बर, 2019 को समाप्त हो रही है।

2- अतः निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 30 सितम्बर, 2019 पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल मुख्य प्रवक्ता के पद पर श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2019 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात दिनांक 07 दिसम्बर, 2020 तक) के लिए वर्तमान में नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 89,752/- (रूपए नवासी हजार सात सौ बावन मात्र) एवं अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

4- श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा,
मुख्य प्रवक्ता,
एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या :108/2019/2136(1)/छप्पन-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य प्रवक्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज ।
3. उप महालेखाकार(आर्थिक एव राजस्व लेखा परीक्षा) , उ0प्र0, ई0 एस0-111, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी0-1 विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियन्त्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. कार्मिक अनुभाग-1
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

डॉ सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।